Rajasthan Patrika

EDII

May 6, 2023
Pg.2

ईडीआईआई में कल से शुरू होगा नेशनल समर कैंप

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में रविवार से नेशनल समर कैंप शुरू होगा। 12-16 साल और 16-22 साल तक के युवाओं के लिए दो अलग-अलग श्रेणियों में यह आवासीय कैंप किया जाएगा। इसमें उन्हें उद्यमिता विकास, उसकी शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान इससे पहले 12-16 साल के 2565 बच्चों को 39 ऐसे कैंप के जरिए उद्यमिता का प्रशिक्षण दे चुका है। जबकि 1724 युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।